Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:01 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:32 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ




हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 285 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 10 मई 2024

अक्षय तृतीयाः जानें महत्व, पूजा...पेज-3 पर

## बाबा के सहारे श्रद्धालुओं ने चढ़ाई चढ़ी, जयकारों से गूंज उठा धाम

रुद्रप्रयाग/उत्तरकाशी

हमारे संवाददाता

श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुल गए हैं। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ पहुंची है। सीएम धामी भी इस दौरान अपनी पत्नी संग मौजूद रहे और बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह मुहूर्त में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए, लेकिन इससे पहले ही शासन-प्रशासन के बेहतर सुरक्षा इंतजामों के दावों की पोल खुल गई। स्थिति यह थी कि सारे अधिकारी तो हेलीकॉप्टर से धाम पहुंच गए थे और पैदल यात्री की सुध लेने वाला कोई नहीं था। डीजीसीए की टीम ने जिस तरह से हेलीपैड का हवा हवाई निरीक्षण किया वह भी सवालों के घेरे में है। केदारघाटी के गुप्तकाशी, मैखंडा, फाटा सहित आठ स्थानों से हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन होना है, लेकिन हाईवे से लगे हेलीपैड पर यात्री व्यवस्थाओं का कोई इंतजाम नहीं है। डीजीसीए की टीम के निरीक्षण के साथ शासन-प्रशासन और अन्य महकमों के आला अधिकारी भी हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंच गए, लेकिन पैदल मार्ग से धाम जाने वाले बाबा के भक्तों को क्या-क्या दिक्कतें हो रही रही हैं इसे सुनने व देखने वाला पूरे पैदल मार्ग पर कोई सक्षम अधिकारी नहीं मिला। केदारनाथ यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवा हमेशा से ही सवालों के घेरे में रही है। बताया जा रहा है कि अब तक केदारनाथ यात्रा के लिए 40 हजार से अधिक यात्री हेली टिकट करवा चुके हैं, लेकिन यात्रा शुरू होने के एक दिन पहले गुप्तकाशी से सोनप्रयाग के बीच हाईवे से लगे हेलीपैड पर यात्री इंतजाम एक भी नहीं दिखे। नोडल अधिकारी राहुल चौबे से संपर्क करने के बाद उनसे बातचीत नहीं हो पाई।




## News कॉर्नर

### चारों धामों में आज बदलेगा मौसम, बारिश-बर्फबारी का यलो अलर्ट जारी

**देहरादून।** मौसम विभाग की ओर से गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ धाम आने वाले तीर्थयात्रियों को सलाह दी है कि अपने साथ गर्म कपड़े और रेन कोट जरूर लाएं। उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम बदलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने आज चारों धामों में बारिश की संभावना जताई है। कुछ जगह हल्की बर्फबारी भी संभव है। जबकि, प्रदेशभर में झोंकेदार हवाएं चलने के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने 13 मई तक मौसम में बदलाव की संभावना जताई है।

### परिवार के साथ केदारनाथ पहुंचीं शिल्पा शेट्टी



**देहरादून।** देहरादून एयरपोर्ट के पास जौलीग्रांट हेलीपैड से शुक्रवार को दो धामों के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरू की गई। जौलीग्रांट से पहली उड़ान में शिल्पा शेट्टी उनकी बहन शमिता शेट्टी और उनका परिवार केदारनाथ के लिए रवाना हुआ। जौलीग्रांट हेलीपैड से रुद्र रुद्राक्ष एविएशन कंपनी के एमआई 17 हेलीकॉप्टर ने दो धामों के लिए सेवाएं शुरू की हैं। पहले श्रद्धालुओं के रूप में शिल्पा शेट्टी उनकी बहन शमिता शेट्टी उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्य बच्चों सहित इस हेलिकॉप्टर से केदारनाथ को रवाना हुए। इससे पहले रुद्राक्ष एविएशन के प्रबंधक पीके छाबरी द्वारा पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया गया।

केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा शुरू

## आज सुबह विधि-विधान के साथ खुले केदारनाथ धाम के कपाट

रुद्रप्रयाग/उत्तरकाशी

हमारे संवाददाता

केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया है।

केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। आज विधि-विधान से सुबह सात बजे केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुल गए हैं। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ पहुंची है। कल देर शाम तक 16 हजार से अधिक श्रद्धालु भी पहले दिन बाबा केदार के दर्शन के लिए केदारपुरी पहुंच गए थे। आज केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह 10.29 बजे और गंगोत्री धाम के कपाट 12.25 बजे खुलेंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खुलेंगे। बृहस्पतिवार सुबह बाबा केदार की पंचमुखी डोली गौरीकुंड से केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुई। अपराह्न तीन बजे केदारनाथ धाम पहुंची। बाबा केदार की डोली के साथ हजारों श्रद्धालु भी केदारपुरी पहुंच गए। इस दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों और सेना के बैंड की धुन से केदारनाथ धाम गूंज उठा। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम में पहुंचने पर अगवानी की। मां गंगा की डोली मुखबा से गंगोत्री धाम के रवाना हो गई है। शुक्रवार सुबह डोली धाम पहुंचेगी। वहीं, मां यमुना की डोली शुक्रवार सुबह खरशाली गांव से धाम के लिए रवाना होगी। केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है।

केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया है। धाम में दर्शन के लिए इस बार श्रद्धालु आस्था पथ से जाएंगे। आस्था पथ पर बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था है। साथ ही बारिश व बर्फबारी से बचने के लिए रेन शेल्टर बनाया गया। चारधाम यात्रा के लिए अब तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।











## साइबर क्राइमः स्टाफ के सदस्यों को फर्जी संदेश भेजने का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**शिकायत**

- डीवीएस एज्यूटेक के डायरेक्टर ने पुलिस में की शिकायत
- पुलिस ने साइबर सेल को हैंडओवर किया केस

फर्जी ईमेल आईडी से स्टाफ के सदस्यों को फर्जी संदेश भेजकर उन्हें परेशान करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। डीवीवीएस एज्यूटेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर वैभव जोशी ने मुखानी थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि कोई व्यक्ति फर्जी ईमेल के जरिए उसका रूप धारण कर रहा है और स्टाफ के सदस्यों को फर्जी संदेश भेज रहा है।

पीड़ित का कहना है कि साइबर जालसाज कर्मचारियों के मोबाइल डाटा तक पहुंच बनाने के लिए थर्ड पार्टी एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए दबाव बना रहा है। पीड़त का कहना है कि यह न उनके कर्मचारियों की गोपनीयता के लिए ही नहीं बल्कि उनकी कंपनी की संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। अगर संबंध में प्रभावी और ठोस कदम नहीं उठाए गए तो इससे कंपनी को वित्तीय नुकसान तो होगा ही साथ ही डेटा भी चोरी हो सकता है। पीड़ित ने इस जालसाजी में शामिल लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मामला साइबर फ्रॉड से संबंधित होने के कारण मुखानी थाना पुलिस ने साइबर क्राइम पुलिस को भेज दिया है।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई डीसीएम, तीन मजदूरों की मौत, 33 घायल

पीलीभीत

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। असम हाईवे पर डीसीएम अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें सवार तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 33 से अधिक घायल हो गए। ये सभी मजदूरी करने मुरादाबाद जा रहे थे।

पीलीभीत में डीसीएम से मुरादाबाद से लखीमपुर खीरी जा रहे मजदूर शुक्रवार तड़के सड़क हादसे का शिकार हो गए। असम हाईवे पर गांव बिजनौर के पास डीसीएम चालक को झपकी आ गई। इससे डीसीएम अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। 33 से अधिक घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को डीसीएम से बाहर निकाला और जिला अस्पताल भिजवाया। डीसीएम में बुरी तरह से फंसे चालक को पौन घंटे बाद बमुश्किल बाहर निकाला जा सका। गंभीर हालत में उसे भी जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाया। जब यातायात सुचारू हो सका। जानकारी होने पर डीएम और एसपी भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने घायलों को हाल जाना। बताया जा रहा है कि डीसीएम में करीब 50 लोग सवार थे। ये सभी मुरादाबाद से लखीमपुर खीरी जा रहे थे। ईंट भट्टे पर मजदूरी करते थे। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मृतकों के बारे में जानकारी जुटा रही है।





# सीएम धामी ने की वन, पेयजल व विद्युत विभाग की समीक्षा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फॉरेस्ट ट्रेनिंग अकादमी में वन, पेयजल और विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम और कार्मिकों के मनोबल को बनाए रखने के लिए उच्च अधिकारियो को मौके पर फील्ड में बने रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश काल की फायर लाइन जो अभी भी अस्तित्व में है, उन्हें रिस्टोर किया जाए जिससे वनाग्नि से जंगलों को काफी हद तक बचाया जा सके।

बैठक लेते हुए सीएम ने वन विभाग के कार्मिकों को ग्रामीणों के साथ बेहतर तालमेल बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर तालमेल और संबंध से किसी भी प्रकार की आपदा के समय ग्रामीण क्षेत्र में सहयोगी के रूप में भूमिका निभायेंगे। इससे आपदा के प्रभाव को कम करने में काफी हद तक मदद मिलेगी और ग्रामीण अपने वनट्ठ जंगल के प्रति भी जुड़ाव महसूस करेंगे। इसके साथ ही समय समय पर पेड़ो की रूनिंग जाए।

सीएम ने कहा कि समय के साथ ही वन अग्नि की घटनाओं में निपटने में वन विभाग काफी हद तक निपुण हो चुका है। हर साल आग से जंगलों को बचाने में एड़ीट्ठचोटी का जोर लगाकर जंगलों को बचाया जाता है। इस दिशा में वन विभाग राज्य के लिए एक समावेशी प्लान तैयार करे जिससे हर साल लगने वाली आग को कम किया जा सके। देश के साथ ही विदेशो के विकसित मॉडल का अध्ययन किया जाए और जरूरत के हिसाब से अपने राज्य के प्लान में समावेशित किया जाए। बैठक में मुख्य वन संरक्षक पी के पात्रों ने बताया कि सभी फायर वाचर को पिरुल एकत्रित करने के निर्देश दिए गए। जिससे भविष्य में आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सके। सीएम ने कहा कि वन विभाग अपने ढांचे को निचले स्तर से सुदृढ़ करें जिससे बेहतर तरीके से कार्यों को क्रियान्वित किया जा सके।

सीएम ने सड़क निर्माणदाई एजेंसियों को निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। रोड सेफ्टी हेतु लगाए जा रहे क्रैश बैरियर पर क्षेत्र की परिस्थितिकी के अनुरूप पौधारोपण को भी कहा। आम जन को गर्मी के सीजन में पेयजल की समस्या न हो इसके लिए पेयजल की आपूर्ति सुचारू करने के साथ जहा किसी भी कारणवश पेयजल लाइन बाधित होती है वहां अतिरिक्त टैंकर लगाकर पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। सरकारी दफ्तरों में सोलर पैनल को बढ़ावा देने के लिए विद्युत विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि फरवरी 2019 से मई 2024 तक वन अग्नि की घटनाओं की तुलना की जाए तो पिछले सालों की अपेक्षा इस साल कम आग की घटनाएं घटित हुई है। जहां वर्ष 2019 में 348, 2020 में 07, 2021 में 286, 2022 में 133, 2023 में 123 और 2024 में 132 घटना हुई है। यह आंकड़ा 15 फरवरी से जून तक का है।

बैठक में विधायक लालकुआ डॉक्टर मोहन बिष्ट, डीआईजी डा योगेन्द्र रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एस एस पी पी एन मीणा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर, मुख्य वन संरक्षक अधिकारी पीके पात्रों, डीएफओ टीआर बीजूलाल, अधीक्षण अभियंता जलसंस्थान विशाल सक्सेना,एनडीआरएफ अनिल कुमार के साथ ही लोनिवि, विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



## नशामुक्ति अभियान में स्कूली बच्चों किया को जागरूक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय देहरादून के निर्देशानुसार जनपद के 01 मई से 02 माह का नशामुक्ति अभियान चलाकर नशा उन्मूलन के लिए आमजनमानस, स्कूली बच्चों आदि को जागरूक किया जा रहा है।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों,थानाध्यक्षों, एसओजी,एएनटीएफ प्रभारियों को जनपद स्तर पर नशा मुक्ति अभियान चलाये जाने व मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त संलिप्त के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व स्कूल, कॉलेज व क्षेत्र में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर जागरुक करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में गुरुवार को थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश सिंह बोरा के नेतृत्व में पुलिस टीम उप निरिक्षक भावना बिष्ट, अ.उ.नि संदीप नेगी, म.का पूनम राणा द्वारा जीजीआईसी, जीआईसी स्कूल में जाकर बच्चों को जागरुक किया गया। अभियान में पुलिस द्वारा सभी को नशे के दुष्परिणामों के बारे में सचेत किया गया तथा अपने आस-पास सभी को नशे के दुष्परिणामों के सम्बंध में जागरुक करने के लिए बताया गया व बताया गया कि यदि कोई नशे की सामग्री की तस्करी करता है तो तुरंत सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्प लाईन नंबर 112 में दें।

## बच्चों को वनाग्नि सुरक्षा के लिये तकनीक बताई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राजकीय बालिका इण्टर कालेज भवाली में वनों की अग्नि से सुरक्षा के लिये बच्चों को तकनीक बताई। बताया कि वर्तमान समय में पूरा कुमाऊं आग की चपेट में आ गया है। इससे पेड-पौधों के साथ साथ वन्य जीव जन्तुओं को भारी कृति हो रही है। इससे बचाव के लिये सभी को सतर्क रहना होगा और अपने आस-पास आग लगने की सूचना तुरन्त आस पास वन विभाग को दे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा आर्य ने सभी अतिथियों का आदर व्यक्त किया कार्यक्रम के दौरान रश्मि परिहार विद्यार्थियों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वनों की सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में सामजिक कर्ता किसन वन दरोगा वन श्री बिष्ट संरक्षक मौजूद रहें।



## NEWS / फटाफट

### वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**नैनीताल।** क्रियान्वयन विभाग उत्तराखण्ड सचिव कार्यक्रम दीपक कुमार ने गुरूवार को करीब 3 बजे वनाग्नि से प्रभावित पाइंस, लड़ियाकांटा आदि इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आग से बचाव की जानकारी, फायर लाइन और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन पंचायतों में आग से बचाव के लिए स्थानीय जनता से समन्वय स्थापित करते हुए ठोस योजनाएं बनाने के निर्देश दिए इस दौरान उप प्रभागीय वना अधिकारी राज कुमार समेत वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद में वारंटियों की धर-पकड़ किये जाने के लिए सभी थाना,चौकी प्रभारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान बुधवार को थाना तल्लीताल से अपर उप निरीक्षक संदीप नेगी व हेड कांस्टेबल हिम्मतलाल द्वारा न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट की तमिल व काफी लंबे समय से चकमा दे रहे वारंटी व्यक्ति रूप किशोर पुत्र प्रेम बल्लभ, निवासी प्रीत विहार कॉलोनी रुद्रपुर जिला उधमसिंह नगर संबंधित धारा 279 / 338 आईपीसी में उसके घर में दबिश देकर गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय पेश किया गया।

### फर्जी आईडी बनाकर की 30 हजार की ठगी

**नैनीताल।** फर्जी आईडी बनाकर नगर के एक व्यक्ति के साथ 30 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। व्यक्ति ने मल्लीताल कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार कुमाऊं विश्वविद्यालय में तैनात जयसिंह नेगी ने मल्लीताल कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि किसी अनजान व्यक्ति ने उनके मित्र की फेक व्हाट्सप्प की आईडी बनाकर उनसे वार्तालाप की। फर्जी आईडी व्यक्ति द्वारा उनसे 30 हजार रुपये की सख्त जरूरत होने की बात कही गई । मित्र की पैसों की सख्त जरूर होने पर उन्होंने उस व्यक्ति को 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब जय सिंह नेगी ने अपने दोस्त से बात की तो पता चला कि किसी व्यक्ति ने उसके मित्र की फर्जी व्हाट्सएप आईडी बनाकर उनके साथ ठगी की है। उन्होंने मल्लीताल कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। सएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामला साइबर सेल को भेज दिया गया है।

### सीएम धामी से विधायक सरिता आर्या ने की मुलाकात



**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय को ऋषिकेश शिफ्ट किए जाने की चर्चाओं के बीच विधायक नैनीताल सरिता आर्या ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात की। विधायक सरिता आर्या ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय बार, स्थानीय व्यवसाइयों एवं अन्य हित धारकों की भावनाओं के अनुरूप ही निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। विधायक सरिता आर्या ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस विषय पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं एवं अन्य हितधारकों की इच्छा के अनुरूप कार्रवाई के लिए आश्वासन दिया है।

### कूड़े दानों में जगह-जगह कूड़े का ढेर

**धारी ।** धारी ब्लॉक मे जब से कुड़ा वाहन चल रहा था तब से कुड़ा सड़को मे व अन्य स्थानों में नही दिखता था ब्लॉक से एक कूड़ा वाहन कुछ समय पूर्व लगाया गया था लेकिन आजकल बंद कर दिया गया है जिसके चलते अब सड़कों में व सड़कों के किनारे कूड़े दानों में जगह जगह कूड़े का ढेर लग गया है। ब्लॉक प्रमुख आशा रानी ने बताया की बजट अभी आया नहीं है व कूड़े वाहन में जो चालक था उसको छह माह से वेतन नही मिल पाया है जिस कारण कूड़े वाहन को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है बजट आ जाएगा तो फिर से कूड़े वाहन को चलाया जाएगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में हल्द्वानी के युवराज ने जीता रजत पदक व रूद्रपुर के जय लोहनी ने जीता कांस्य पदक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



आबू-धाबी (यूएई ) में अयोजित हुई यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में भारत देश का परचम लहराते हुए हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती ने रजत पदक व रुद्रपुर के जय लोहनी ने कांस्य पदक जीतकर कर भारत देश का नाम गौरवान्वित किया।

जानकारी देते हुए जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ महासचिव व मुख्य प्रशिक्षक ऋषिपाल भारती ने बताया कि ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) द्वारा अधिकृत जु-जित्सु इंटरनेशनल फेडरेशन (जेजेआईएफ) व जू-जित्सू एशियन यूनियन (जेजेएयू) के नेतृत्व में 4 से 9 मई 24 तक आबू-धाबी (यूएई) में यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप आयोजित हुई। इसमें 24 देशों के 683 जू-जित्सू खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। भारत की ओर से 27 जु-जित्सू खिलाड़ियों ने भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। उक्त प्रतियोगिता में भारतीय जू-जित्सु टीम ने चार पदक ( दो रजत व दो कांस्य पदक ) जीते। जिसमें हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती अंडर 18 आयुवर्ग के (48 किग्रा) की जू-जित्सू फाइटिंग में रजत पदक, रूद्रपुर के जय लोहनी ने अंडर 18 आयुवर्ग के (48 किग्रा) की जू-जित्सु फाइटिंग में कांस्य पदक, श्वेता यादव ने अंडर 21 आयुर्ग की (70 किग्रा ) की जू-जित्सु फाइटिंग में कांस्य पदक, लैंग कुंग एडम ने अंडर 21 आयुर्ग की (48 किग्रा ) की जु-जित्सू फाइटिंग में कांस्य पदक जीते। हल्द्वानी की रिद्धिमा नेगी और देहरादून के अस्मित मुंगरा ने टॉप फॉर में अपना स्थान प्राप्त किया। कोच की भूमिका में अमित अरोरा, एमआर शाहिद, शेट्टी बालकृष्ण शामिल रहे। जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, इंडियन जु-जित्सू टीम कोच एमआर शाहिद ??, जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्ष रसिका सिद्दीक़ी,जिला जुजित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, किशोर सिंह, डीके सिंह बधाई दी।

# अभिमत

## संसाधनों के मालिक नहीं

*'हम पृथ्वी के संसाधनों के मालिक नहीं हैं, बल्कि ट्रस्टी हैं।' हमारी प्राथमिकता मानव केन्द्रित होने के साथ-साथ प्रकृति केन्द्रित भी होनी चाहिए। वन अकादमी को प्रशिक्षणार्थियों के पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन को लेकर संशोधन करना चाहिए। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। जंगलों में आग तथा मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के साथ वन सम्पदा को बचाने की जिम्मेदारी वन विभाग के अफसरों की है। दरअसल जिस समय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु वन अकादमी में प्रशिक्षित आईएफएस अफसरों को उपाधि दे रही थीं, उसी समय उत्तराखंड में दर्जनों जगह वन क्षेत्र में आग लगी हुई थी।*

जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव दिखने लगे हैं। वैज्ञानिकों ने जलवायु परिवर्तन से भविष्य में अनेक समस्याएं उत्पन्न होने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए खतरे की चेतावनी दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह में एक ही वाक्य में जलवायु परिवर्तन और जंगल के महत्व को बताते हुए कहा कि 'हम पृथ्वी के संसाधनों के मालिक नहीं हैं, बल्कि ट्रस्टी हैं।' हमारी प्राथमिकता मानव केन्द्रित होने के साथ-साथ प्रकृति केन्द्रित भी होनी चाहिए। वन अकादमी को प्रशिक्षणार्थियों के पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन को लेकर संशोधन करना चाहिए। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। जंगलों में आग तथा मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के साथ वन सम्पदा को बचाने की जिम्मेदारी वन विभाग के अफसरों की है। दरअसल जिस समय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु वन अकादमी में प्रशिक्षित आईएफएस अफसरों को उपाधि दे रही थीं, उसी समय उत्तराखंड में दर्जनों जगह वन क्षेत्र में आग लगी हुई थी। उत्तराखंड में हर साल सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्र में आग लगने से जंगल के हजारों बड़े पेड़ और जड़ी-बूटियों के पौधे जलकर राख हो जाते हैं। जंगल में आग के लिए सीधे तौर पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेदार हैं। वन विभाग के पास आग बुझाने के उपकरण हैं, फिर भी जंगल जलते रहते हैं। बरसात होने पर जंगल में आग बुझ जाती है। जंगल में आग की घटनाओं की जांच कर वन विभाग के अफसरों और कर्मचारियों को दंडित नहीं किया जाता है, इसी लिए हर साल मामूली सी गर्मी पड़ने पर ही जंगल धधकने लगते हैं। वन विभाग का कहना है कि पतझड़ से गिरे पत्तों में जंगल के आसपास रहने वाले जानबूझकर आग लगाते हैं, हालांकि यह बात पूरी तरह गलत नहीं है। इसी लिए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि असंतुलित आधुनिकता के आवेग में कुछ लोगों ने जनजातीय समुदाय और उनके ज्ञान भंडार को रुढ़िवादी मान लिया है। जबकि उनका ज्ञान प्रकृति के संरक्षण में बेहद कारगर है। जनजाति के लोग आज भी विषम परिस्थितियों में जंगल में रहते हैं। वन्यजीवों से खतरा हमेशा बना रहता है। जनजाति के लोग संतुलन बनाकर एक तरह से वन्यजीवों के साथ रहते हैं। कुछ वर्षों से वन क्षेत्र में अतिक्रमण कर कालोनियां विकसित करने, रिसॉर्ट्स व होटल निर्माण से वन्यजीव अपने घर में हस्तक्षेप से नाराज होकर हिंसक होते जा रहे हैं। आबादी क्षेत्र में आकर हमला करते हैं। मानव और वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ गई हैं। वन्यजीव अपनी स्वच्छंदता में दखल बर्दाश्त नहीं कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने वन अफसरों का आह्वान किया कि जनजाति समूहों से ज्ञान प्राप्त करके मानव वन्यजीव संघर्ष रोकें।

# यूओयू में महिला अध्ययन केन्द्र का हुआ उद्घाटन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



**आयोजन**
● महिलाओं के लिए शैक्षिक, कानूनी व स्वावलंबन से जुड़े पाठ्यक्रम होंगे शुरु

21 वीं सदी महिलाओं की सदी है। अपने दम पर महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं अगर उन्हें समाज का परिवार का सहयोग मिलता है तो वह इस राष्ट्र के चहुमुंखी विकास में अपना योगदान दे सकती हैं। शिक्षण संस्थाओं को उन्हें फ्रंटलाइन में रखने की मनोवृत्ति रखनी होगी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओ.पी.एस. नेगी का। मौका था उत्तराखंड मुक्त विश्वविदयालय के महिला अध्ययन केन्द्र के उद्घाटन का।

उन्होंने खास तौर पर घरेलू महिलाओं के योगदान को बहुत सराहा। इस मौके पर ललिता कापड़ी की पुस्तक महिलाएं संघर्ष का भी विमोचन हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व पुस्तक के प्रकाशक अविचल प्रकाशन के गजेन्द्र बटोही ने कहा कि इस पुस्तक का मूल्यांकन आने वाला समाज करेगा। मुक्त वक्ता के तौर पर सोशल वर्क में असिसटेंट प्रोफेसर डा. नीरजा सिंह ने कहा कि महिला अध्ययन केन्द्रों की शुरुआत भारत में 1986 से हो गयी थी लेकिन हम सब को अपने विश्वविद्यालयों में इन केन्द्रों को खोलने में लगभग 40 साल का वक्त लग गया लेकिन अच्छा है कि अब लोग लैंगिक असमानता के नजरिये से मुक्त होकर समाज को देख रहे हैं नयी पीढ़ी जेंडर स्टीरियोटाइप्स के टैबू को तोड़ रही है। महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशक प्रोफेसर रेनू प्रकाश ने कहा कि महिला अध्ययन केन्द्र महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

महिला अध्ययन केन्द्र महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य , आर्थिक पहलुओं व अभिवयक्ति के विकास के लिए कार्य करेगा। फ्रंटलाइन सपने और संघर्ष पुस्तक की लेखिका ललिता कापड़ी ने कहा कि इस पुस्तक में 51 महिलाओं के संघर्षों की कहानियां हैं, ये हमारी अन्य महिलाओं को एक रास्ता दिखाने का काम करेगी। महिला अध्ययन केन्द्र के सह संयोजक व पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डा. राकेश चन्द्र रयाल ने इसमें महिलाओं के मौलिक व संवैधानिक अधिकारों से जुडे पाठ्यक्रम होगें साथ ही विधिक अधिकारों को लेकर कैंप लगाए जाएंगे। इसके अलावा महिलाओं को उद्यिता से भी जोड़ा जाएगा जिसके अर्न्तगत होम स्टे, कम्युनिकेशन स्किल, मीडिया एवं वूमैन इंपावरमेंट व भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित कोर्सेस शुरु किये जाएंगे। सोशल मीडिया में महिलाओं को अभिव्यिक्त कैसे मिले इस पर भी उन्होंने बात रखी।

इस अध्यन केन्द्र की घोषणा गत वर्ष कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी द्वारा की गयी थी। इस मौके पर डा. मंजरी अग्रवाल, डा. डिगर सिंह फरस्वाण, गोपाल सिंह गौनिया, डा. शालिनी चौधरी, डा. नागेन्द्र गंगोला, नमिता वर्मा, डा.नीरज जोशी, डा. शशांक शुक्ला, वरिष्ठ साहित्य डा. दीपा गोबाड़ी, डा. शशि जोशी, प्रो. पी.डी पंत, लिटिल फ्लावर स्कूल की प्रबंधक शांति जीना, जय शारदा समूह की नीमा बिष्ट समेत दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही। इस मौके पर समाज सेवी कनक चंद, पूनम शर्मा, रमा बिष्ट, गंगा जोशी, सुमन पांडे, सावित्री दुग्ताल,पार्वती किरौला, दीपा फुलेरा, कांता साह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. रुचि तिवारी ,डा. गुंजन जोशी व अरुणा ने किया।

## खुले में शौच को लेकर सुरक्षा कर्मियों और पालिका कर्मियों के बीच हाथापाई

**नैनीताल।** एक पार्किंग में यूपी से आए एक मंत्री के सुरक्षाकर्मी के पालिका की गाड़ी के टायर में पेशाब करने के दौरान विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो सुरक्षाकर्मी व पालिका कर्मियों के बीच हाथापाई हो गई। जिसकी शिकायत लेकर सुरक्षाकर्मी मामल्लीताल पहुंचे कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को मल्लीताल मैट्रोपल कार पार्किंग में यूपी के एक मंत्री का सुरक्षा कर्मी पेशाब करने लगा। पालिका कर्मियों ने उनके वाहन के टायर के ऊपर पेशाब न करने की बात कही तो सुरक्षाकर्मी नहीं माना। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हो गई। किसी तरह मामला शांत हुआ तो सुरक्षाकर्मी शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गया। जहां उसने मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं कुछ देर बाद पालिका कर्मी भी शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गए। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से वार्ता की जा रही है।

## कुमाऊं के बाबी धामी का भारतीय हॉकी टीम में चयन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**बेल्जियम में 22 मई से होने वाली प्रतियोगिता में होंगे टीम का हिस्सा**



उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के बाबी सिंह धामी का चयन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए हुआ है। राज्य गठन के बाद यह पहला मौका है जब यहां से किसी खिलाड़ी का चयन भारत की सीनियर टीम के लिए हुआ है। जिला क्रीड़ाधिकारी नैनीताल वरुण बेलवाल ने बताया कि पिथौरागढ़ निवासी श्याम सिंह के पुत्र बाबी 22 से 29 मई तक एंटवर्प बेल्जियम में आयोजित होने वाली एफआईएच लीग में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे।

बाबी का भारतीय टीम में चयन होना प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है और यह युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। जिला क्रीड़ाधिकारी बेलवाल बाबी के कोच भी रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाबी धामी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो मैच के दौरान अनुशासित रहकर पूर्ण मानसिक सजगता से तकनीकी कौशल का प्रयोग करते हैं।

बॉबी सीनियर टीम से ऑस्ट्रेलिया दौरे में पदार्पण कर चुके हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार गोल भी किया। इससे पूर्व जून लुसाने, स्विट्जरलैंड में आयोजित एफआईएच में भारतीय पुरुष टीम के सदस्य रहकर स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं। वह वर्ष 2021 और 2023 जूनियर वर्ल्ड कप में भारतीय टीम से प्रतिभाग कर चुके हैं।

उन्होंने बताया कि बॉबी ने हॉकी का प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने मामा प्रकाश सिंह से टनकपुर में लिया, वहां उन्होंने बॉबी की आधारभूत स्किल्स का विकास किया। बाबी ने कक्षा छह से 11वीं तक स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद जून 2017 से वह साई ट्रेनिंग सेंटर सोनीपत चले गए। जहां उन्हें कोच वरुण बेलवाल ने गहन प्रशिक्षण दिया। उनके चयन पर भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व महासचिव राजीव मेहता, महासचिव हॉकी उत्तराखंड नरेंद्र बाफिला, ओलंपियन राजेंद्र सिंह रावत, कुमाऊं विश्व विद्यालय के क्रीड़ाधिकारी नागेंद्र शर्मा, सहायक निदेशक रशिका सिद्दीकी व राजेश ममगाई, विकास भगत, किशोर बाफिला, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी हरीश भाकुनी, हल्द्वानी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष नवीन वर्मा, गोपाल बेलवाल, भीम बिष्ट, लोकेश नेगी आदि ने हर्ष जताते हुए बॉबी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# आस्था

## अक्षय तृतीया: जानें महत्व, पूजा मुहूर्त और सोना खरीदने का कारण




*आज देश के अलग अलग हिस्सों में अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया, जिसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है, आमतौर पर इसे हिंदू और जैन धर्म में धूमधाम से मनाया जाता है। यह शुभ अवसर नई शुरुआत और समृद्धि का प्रतीक है। अक्षय शब्द का अर्थ स्वयं अविनाशी या अमर होता है। यह इस विश्वास को दर्शाता है कि इस दिन किए गए किसी भी कार्य को असीम सफलता और सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसे में आइए इस लेख में जानते हैं कि अक्षय तृतीया का क्या महत्व है, इस साल इसका शुभ मुहूर्त कब है और साथ ही ये भी जानेंगे कि क्यों इस बहुत से लोग सोना खरीदते हैं? अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदने की परंपरा बहुत पुरानी है। लोग इस दिन सुनार की दुकान पर सोने के सिक्के, आभूषण खरीदते हैं या फिर सोने में निवेश करते हैं। पर सवाल है सोना ही क्यों? असल में सोना सिर्फ एक धातु नहीं बल्कि धन-दौलत का प्रतीक माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदने से घर में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है और धन का आगमन होता रहता है। चूंकि अक्षय तृतीया को बहुत ही शुभ दिन माना जाता है, इसलिए इस दिन किया गया कोई भी निवेश अच्छा फल देता है।*

### अक्षय तृतीया का महत्व

*हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के तृतीय तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है। यह वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन को लेकर लोगों में कई मान्यताएं हैं. जिनमें से सबसे प्रमुख मान्यता ये है कि इस दिन बिना पंचांग देखे किसी भी प्रकार के मांगलिक और शुभ कार्य को किया जा सकता है। इस दिन धन योग के साथ रवि योग, शुक्रादित्य योग, मालव्य योग और भी कई शुभ योग बनते हैं। इसलिए इस राजयोग में मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा करने से कई गुना अधिक फलों की प्राप्ति होती है।*

## पहले लड़की से छेड़छाड़ की, विरोध पर दबंग परिवार ने घर में घुस मारपीट की, मुकदमा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक महिला ने एक युवक पर लड़की से छेड़छाड़ करने का विरोध पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगा पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 21 अप्रैल 24 को समय साढ़े आठ बजे शिव नगर में किसी काम से गयी थी। उसने साई मंदिर के पास वाली गली में पड़ोस में रहने वाले युवक अभिषेक पुत्री का हाथ पकड़ रखा था। महिला ने बताया कि उसने अभिषेक को डांटा और पुत्री को घर ले गई। आरोप है कि थोड़ी देर में अभिषेक अपनी मां, बहन,जीजा तथा भाईयों समेत अन्य लोगों को लेकर घर में आ गए और गाली-गलौज करते हुए डंडो, लोहे के पाइप से बुरी तरह से पीटा। बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उसे भी धक्का देकर गिरा दिया।

बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पति की रीढ की हड्डी में गम्भीर चोट आयी है। पति का हल्द्वानी सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। महिला के मुताबिक पति की हालत नाजुक है। कोतवाल भारत सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच की जा रही है।

News कॉर्नर

## पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी को नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी का पद

**नैनीताल।** जिलाधिकारी के आदेश पर अब पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी को नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी के पद का भी कार्यभार सौंपा गया है। गौतलब है पूर्व अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद आईएएस ट्रेनिंग के दौरान नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी के पद पर नियुक्त किए गए थे। अब उनकी ट्रेनिंग पूरी होने के बाद पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी को नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी के पद का कार्यभार सौंपा गया है। अतुल भंडारी ने बताया कि वह शुक्रवार से नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी का पदभार ग्रहण करेंगे।कहा कि जो महत्वपूर्ण कार्य हैं उन्हें पहले किया जाएगा।

## 63 पव्वे देशी शराब समेत एक गिरफ्तार



**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा पुलिस ने एक युवक को 63 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। वनभूलपुरा थाना पुलिस खेड़ा रोड पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्कूटर सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिस पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। स्कूटर के आगे रखे थैले को खोलकर चैक किया तो उसमें देशी शराब के 63 पव्वे बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना नाम इन्द्रपाल सिंह पुत्र उदल सिंह निवासी देवलातल्ला पजाया गौलापार बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।

# गुरुनानक बालिका इंटर कालेज शिक्षण स्टाफ को छह माह से वेतन नहीं

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

गुरुनानक बालिका इंटर कालेज रुद्रपुर की शिक्षकों और स्टाफ को पिछीले छह माह से वेतन न मिलने से दिक्कतें पैदा हो गई है। इस संबंध में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने सीएम को पत्र भेजकर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत पर मनमाने तरीके से वेतन रोकने की शिकायत की है। उन्होंने सीएम को भेजे गए पत्र में कहा कि

गुरुनानक इंटर कालेज में लगभग 50 शिक्षण स्टाफ को सरकार द्वारा वेतन दिया जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा एक ही विद्यालय के लिए दो नियम तैयार कर हठधर्मिता का परिचय दिया है। कक्षा एक से 12 तक संचालित गुरुनानक इंटर कालेज में प्राथमिक स्तर पर कक्षा पांच तक के स्टाफ का वेतन तो जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक द्वारा जारी किया जा रहा है। परंतु कक्षा छह से 12 तक का वेतन जारी करने में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अडंगा लगा रहे है। कालेज प्रबंधन ने जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत से वेतन न मिलने की शिकायत की तो राजपूत पर उनके सेवानिवृत होने तक वेतन जारी न करने की फरमान सुना दिया। उन्होंने सीएम को लिखे पत्र में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी के अवकाश पर जाने के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी खटीमा को हटा कर राजकीय इंटर कालेज खतौली के प्रधानाचार्य को कार्यभार सौंप अपनी मनमानी का परिचय दिया। इसकी जानकारी मुख्य शिक्षा अधिकारी को होने पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक का जवाब तलब करने के बाद उनके आदेश को निरस्त कर दिया। उन्होंने सीएम को लिखे पत्र में कहा ऐसे और भी कई मामले जिला शिक्षा अधिकारी के विवादित है जो उनके कार्यकाल की जांच में सामने आ जाएंगे।

मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत अवकाश पर हैं, इस मामले में उसने बात करने की कोशिश की तो उसने संपर्क नहीं हो सका।

### मामला कोर्ट में विचाराधीन है

डीएस राजपूत डीईओ माध्यमिक का कहना था कि प्रबंध समिति के विवाद के चलते मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जिससे वेतन आहरण नहीं हो पा रहा है। मुख्य शिक्षा अधिकारी कोर्ट में तीन बार व्यक्तिगत रूप से पेश हो चुके हैं। प्राथमिक वर्ग के शिक्षकों का वेतन जारी होने के बारे में वह नहीं बता पाएंगे।

*दिसंबर, 2023 से शिक्षकों समेत अन्य स्टाफ का वेतन नहीं मिला है। इस संबंध में 16, 29 अप्रैल, दो मई को पत्र लिखने के साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी से मुलाकात भी की गई है, मगर अभी तक वेतन जारी नहीं किया गया।*

***प्रीति अग्रवाल, प्रधानाचार्य गुरुनानक इंटर कालेज रुद्रपुर***

# फईम की मौत के मामले में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

वनभूलपुरा हिंसा में फईम की मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर वनभूलपुरा पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में मृतक फईम के भाई परवेज उर्फ बबलू पुत्र स्व. मौहम्मद नासिर निवासी लाइन नंबर 16 गाँधी नगर ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। बता दें कि बीबी 8 फरवरी को वनभूलपुरा में हिंसा भड़क गई थी। हिंसा में करोड़ों की संपत्ति आग की भेंट चढ़ गई थी जबकि कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। हिंसा में लाइन नंबर 16 गाँधी नगर में रहने वाले फईम की भी मौत हो गई थी। फईम के भाई परवेज ने इस मामले में सीएम पोर्टल, मानवाधिकार आयोग, एसएसपी के साथ ही वनभूलपुरा थाने में भी शिकायत दी लेकिन कोई कार्रवाई हुई तो परवेज ने न्यायालय की शरण ली। परवेज ने कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा है कि 8 फरवरी की शाम कोक करीब 7-8 बजे उसके भाई ने फोन पर बताया कि गांधी में रहने वाले संजय सोनकर पुत्र बंशी सोनकर, सत्या सोनकर पुत्र संजय सोनकर, राजू पुत्र राधे लाल, सावन पुत्र पप्पू, हेमन्त पुत्र राधे लाल, आनन्द पुत्र राधे लाल, दीपू उसके घर के बाहर खड़े उसके ऑटो, छोटा हाथी, बुलेट मोटर साईकिल व अन्य वाहन को आग लगा रहे हैं। जब वह अपने घर की ओर चला तो देखा कि संयज सोनकर औश्र उसके पुत्र ने फईम को घेरा हुआ है। संजय सोनकर के पुत्र सत्या ने संजय सोनकर को पिस्टल दी जिसके बाद संजय ने फईम को गोली मार दी और वहां से भाग गए। घायल फईम को मैं और मेरा भाई अजीम एवं मामा का लड़का अनस फईम को लेकर तुरन्त कृष्णा अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान संजय सोनकर उसका पुत्र सत्या अपने साथ उपरोक्त लोगों को लेकर घर में घुस गया और फ्रीज, कुलर, वाशिग मशीन और नकदी लूट ले गए। जाते-जाते वह घर में आग लगा गए। हमारे वाहनों में आग लगाने की वीडियो फुटेज मोबाइल में रिकार्ड की गयी है। फुटेज भी परवेज की ओर से न्यायालय में पेन ड्राईव के माध्यम से संलग्न कर प्रस्तुत की गई। परवेज ने न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा है कि इस मामले की शिकायत उसने 12 फरवरी को सीएम पोर्टल में की। 13 फरवरी को एसएसपी व वनभूलपुरा थाना और 14 फरवरी को मानवाधिकार आयोग में शिकायत की। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू लग गया। लेकिन उसके द्वारा की गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। परवेज ने संजय सोनकर व उसके साथियों पर जान माल का खतरा बताते हुए उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कोर्ट के आदेश पर वनभूलपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 11 नामजद समेत 5-6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

कोतवाली पुलिस ने गांव नरपतपुर में घर में घुसकर मारपीट करने वालों में शामिल 11 नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ग्राम नरपतपुर निवासी उर्मिला पत्नी मुकेश ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 5 अप्रैल 24 को गांव के ही निवासी सुनील और उसके परिवार वालो के खिलाफ मार पीट की रिपोर्ट दी थी।

बताया कि इसके बाद ग्राम प्रधान विक्रम सिंह ने हमसे कहा था कि सूरज और उसके घर वाले समझौते के लिये आ रहे है। आरोप है कि उसी रात करीब 8 बजे ग्राम प्रधान की मौजूदगी घर में जान से मारने की नीयत से हथियार लेकर सुनील, पिन्टू, छोटे लाल, मदनपाल, सूरज भान, राज, रोहित, मोहित, मदन पाल का दामाद,बबलू, औरते समेत 4-5 अन्य लोग आ गए और जान लेवा हमला कर दिया। वह,सीमा, दिनेश, राकेश, पारुल, मुकेश, हरि जीवन, उर्मिला, सुमेश, रशनात,अनुज,अंजली को बुरी तरह से मारा पीटा है। आरोप है कि मदनपाल ने तलवार देवरानी सीमा के सिर में मार दी। इससे सीमा का सिर फट गया है। ससुर हरिजीवन के सिर में पर भी तलवार से

वार कर दिया। पति पर भी हमला किया। वह बीच बचाव को पहुंची तो उससे भी मारपीट की। बाद में वह लोग धमकी देते हुए भाग गए। उपचार को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच की जा रही है।

**जांच**

● गांव नरपतपुर में घर में घुसकर मारपीट का मामला

# दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के 100 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जनपद ऊधमसिंह नगर में सूचना का अधिकार अधिनियम, कार्यालय प्रबंधन एवं शासकीय सेवा सम्बंधी नियमावलियों की जानकारी प्रदान किया जाने को 8 व 9 मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शहीद ऊधमसिंह सभागार, विकास भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन डॉ आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल से उपनिदेशक पूनम पंत, रिट. सदस्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड देहरादून राकेश चंद लोहनी ने जनपद के समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

पूनम पंत ने बताया कि अकादमी के द्वारा शासकीय सेवा में आचरण ,नियम और अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया के बारे मेंअधिकारियों ,कर्मचारियों को अवगत कराने के लिए समय समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसके लिए आज प्रशिक्षणदाता राकेश चंद लोहनी के माध्यम से प्रशिक्षण में शामिल सभी प्रशिक्षणार्थियों को निलंबन, सी.एस.आर. एक्ट, अनिवार्य सेवानिवृत्ति, दंडादेश, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्याग पत्र, अस्थाई सेवा समाप्ति से संबंधित नियमावलियों का विस्तार से स्पष्ट एवं तथ्यपरक जानकारी दी गयी साथ ही उक्त के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गये महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

राकेश चंद लोहनी ने सभी कार्मिकों से कहा कि किसी को भी निरंकुश होने का अधिकार नहीं है क्योंकि वे सभी जनता के सेवक हैं। सभी कार्मिकों को सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता और अनुशासित होकर अपनी शासकीय सेवा करनी चाहिए। उन्होंने सभी की शंकाओं को सुना उनके संशयों व प्रश्नों का भी निदान किया। उपनिदेशक पूनम पंत ने सभी प्रशिक्षुओं का उत्साह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के लगभग 100 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

**कार्यक्रम**

● न्यायालय द्वारा दिए गये महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला

## गैस रिसाव से लगी आग, महिला झुलसी

**अल्मोड़ा।** धौलादेवी विकासखंड के ग्राम मनियागर में रसोई गैस के रिसाव से लगी आग में महिला बुरी तरह झुलस गई, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार की शाम मनियागर निवासी विमला देवी (51) घर में खाना बना रहीं थी। अचानक रसोई गैस में रिसाव होने से आग लग गई, इसमें वह बुरी तरह झुलस गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों के मुताबिक उसका उपचार चल रहा है।

# शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में व्हाइटनर लगाया तो होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में सफेदा (व्हाइटनर) का प्रयोग किये जाने पर अब दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में वित्त अधिकारी प्राथमिक शिक्षा नैनीताल ने खंड व उप शिक्षाधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। कहा गया है कि कर्मचारी की सेवा पुस्तिका महत्वपूर्ण अभिलेख है, देखने में आया है कि सेवा पुस्तिका में की जाने वाले प्रविष्टियां त्रुटि होने पर सफेदा (व्हाइटनर) का प्रयोग कर सुधार किया जा रहा है। यह नियमों के विरुद्ध है, नियमानुसार सेवा पुस्तिका में किसी भी प्रकार की अंकना या प्रविष्टि को सुधार किया जाना होता है तो उसे कटिंग कर सक्षम अधिकारी से प्रमाणित कराया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षाधिकारियों से कहा है कि वे अधीनस्थ कर्मचारियों व पटल सहायकों को स्पष्ट निर्देशित करें कि सेवा पुस्तिकाओं में त्रुटियों को सुधारने के लिए सफेदा का प्रयोग न किया जाए, यदि ऐसा किया जाता है तो संबंधित पटल सहायक से स्पष्टीकरण लिया जाए, साथ ही दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए।

**निर्देश**

● वित्त अधिकारी ने खंड व उप शिक्षाधिकारियों को जारी किए निर्देश

# आदर्श कॉलोनी में निकला, भव्य बाबा श्याम निशान यात्रा

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**



श्री खाटू श्याम सेवा मंडल आदर्श कॉलोनी घास मंडी की ओर से श्याम संकीर्तन का आयोजन किया। श्याम संकीर्तन की संध्या पर भव्य श्याम निशान यात्रा निकाली गई। इसके बाद देर रात्रि तक चले श्याम संकीर्तन में पूरी रात बाबा भक्त दिल्ली व मेरठ से आए गायक के भजनों पर झूमते-नाचते रहे। खाटू श्याम सेवा मंडल द्वारा संकीर्तन की संध्या पर कॉलोनी के चामुंडा मंदिर परिसर से खाटू श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया। बड़ी संख्या में महिला,पुरुष और बच्चों ने निशान यात्रा लेकर अपनी आस्था को प्रकट किया। यात्रा कॉलोनी के मुख्य मार्गो से होते हुए जैन मंदिर,काशीपुर बाईपास,बालाजी द्वार गेट से पुनःकॉलोनी में पहुंच समाप्त हुई। यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्याम आरती के साथ संकीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद दिल्ली से आई प्रिया व प्राची और मेरठ से आए दीपेश कोरी ने बाबा भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरी रात्रि बाबा भक्त आस्था के सराबोर में डूब गए और झूमते व नाचते रहे। जिससे माहौल श्याम मय हो गया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,संजय ठुकराल,राजीव चावला, मनोज आर्या,अमित कक्कड़, शशि बाला,सिमरन आर्या,प्रकाश शर्मा,अशोक सागर, विकास कोली आदि मौजूद रहे।

**आयोजन**

● दिल्ली-मेरठ के गायकों के भजनों पर झूमे भक्त